सोमवार
8, जून , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर



वर्ष 2, अंक 119 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

# राजगीर की वैतरणी में उमड़ रही आस्था, मोक्ष प्राप्ति की कामना से श्रद्धालु निभा रहे प्राचीन परंपरा



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। विश्व प्रसिद्ध पुरुषोत्तम मास (मलमास) मेला के दौरान धर्मनगरी राजगीर में आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मेला क्षेत्र स्थित पौराणिक वैतरणी तट पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं। यहां सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार श्रद्धालु गाय की पूंछ पकड़कर वैतरणी नदी पार कर रहे हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस पवित्र अनुष्ठान को करने से मनुष्य को पापों से मुक्ति मिलती है तथा मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

मलमास मेले के कारण इन दिनों वैतरणी तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु सुबह से ही यहां पहुंचकर स्नान, पूजा-अर्चना, जप और ध्यान कर रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की बड़ी संख्या इस धार्मिक परंपरा में भाग ले रही है। वैदिक मंत्रोच्चारण और संकल्प के साथ श्रद्धालु गाय की पूंछ पकड़कर नदी के एक छोर से दूसरे छोर तक जाते हैं। इस दौरान पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो जाता है।

अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री सुधीर कुमार उपाध्याय तथा तीर्थ पुरोहित संजय कुमार पांडेय ने बताया कि वैतरणी पार करने की परंपरा का उल्लेख पद्मपुराण सहित कई धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। सनातन मान्यताओं के अनुसार वैतरणी केवल एक नदी नहीं, बल्कि जीवन और मृत्यु के बीच की आध्यात्मिक यात्रा का प्रतीक मानी जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ इस अनुष्ठान को संपन्न करता है, उसे पुण्य की प्राप्ति होती है और आत्मिक शुद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

धार्मिक विद्वानों के अनुसार गाय को सनातन धर्म में विशेष स्थान प्राप्त है। गाय को



मातृस्वरूप एवं पवित्र माना गया है। इसी कारण गाय की पूंछ पकड़कर वैतरणी पार करने की परंपरा को अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। यह अनुष्ठान केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि मनुष्य को धर्म, दया, करुणा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है।

वैतरणी तट पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है। गर्म मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हो रहा है। मेला क्षेत्र में वैदिक मंत्रों की गूंज, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु भगवान विष्णु सहित विभिन्न देवी-देवताओं का स्मरण कर अपने और अपने परिवार के सुख, शांति, समृद्धि तथा कल्याण की कामना कर रहे हैं।

पुरुषोत्तम मास को सनातन धर्म में अत्यंत पुण्यदायी और फलदायी माना जाता है। यही कारण है कि इस अवसर पर राजगीर की वैतरणी में श्रद्धालुओं की आस्था चरम पर दिखाई दे रही है। सदियों पुरानी यह परंपरा आज भी लोगों के विश्वास, धार्मिक संस्कार और सनातन संस्कृति की जीवंत पहचान बनी हुई है तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का कार्य कर रही है।



# 40 साल बाद पैतृक रिश्तों की चौखट पर पहुंचे नीतीश कुमार, हरनौत के मधोपुर-सबनहुआ में हुआ भव्य स्वागत

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार रविवार की सुबह नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत मधोपुर-सबनहुआ गांव पहुंचे। उनके आगमन को लेकर गांव में सुबह से ही उत्साह और उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीण बड़ी संख्या में सड़क किनारे एकत्र होकर अपने लोकप्रिय नेता की एक झलक पाने के लिए इंतजार करते रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला लगभग 11:15 बजे गांव पहुंचा। जैसे ही उनका वाहन गांव में प्रवेश किया, समर्थकों और ग्रामीणों ने "नीतीश कुमार जिंदाबाद" के नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। इस दौरान नीतीश कुमार ने वाहन से ही हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और उनका स्वागत किया। गांव में करीब पांच मिनट तक रुकने के दौरान उन्होंने अपने मौसी स्वर्गीय देव लगन देवी एवं मौसा स्वर्गीय रामानंद सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा परिवार के सदस्यों से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ, जदयू जिलाध्यक्ष मो. अरशद, प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह, निरंजन सिंह, रामजी सिंह समेत अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सुरक्षा के रहे व्यापक इंतजाम

पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। सुबह से ही गांव



से लेकर कल्याण बिगहा रोड तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा आने-जाने वाले मार्गों पर निगरानी रखी जा रही थी। सुरक्षा व्यवस्था की कमान बिहारशरीफ के एसडीएम किसलय श्रीवास्तव और एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल संभाल रहे थे। वहीं हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा, कल्याण बिगहा थानाध्यक्ष निशा भारती सहित दर्जनों पुलिस पदाधिकारी एवं जवान सुरक्षा ड्यूटी में तैनात रहे।

चार दशक बाद गांव पहुंचने पर दिखा उत्साह

ग्रामीणों के अनुसार नीतीश कुमार लगभग 40 वर्ष पूर्व भी इस गांव में आए थे। उस समय वे सक्रिय राजनीति में अपनी पहचान बना रहे थे। लंबे अंतराल के बाद उनके गांव आगमन से लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याओं से संबंधित आवेदन भी उन्हें सौंपे और समाधान की उम्मीद जताई।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी सौरव सुमन, जदयू प्रखंड प्रवक्ता रौशन कुमार, नगर जदयू अध्यक्ष श्याम बालक साव, परमेंद्र पांडे, बंटी कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। पूर्व मुख्यमंत्री के इस संक्षिप्त दौरे ने क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों को भी नई चर्चा दे दी।

# नालंदा पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, छह पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में पुलिस प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक नालंदा ने छह पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आदेश जारी कर सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार अस्थावां थाना के थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक उत्तम कुमार को पुलिस केंद्र नालंदा भेजा गया है। इस्लामपुर थाना के थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय को बिहार अंचल का अंचल पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। चंडी अंचल के अंचल पुलिस निरीक्षक पुलिस निरीक्षक सत्यम चंद्रवंशी को अस्थावां थाना का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।वहीं साइबर थाना में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार सिंह को चंडी अंचल का अंचल पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। करायपरसुराय थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में कनीय अवर निरीक्षक सुशील कुमार पासवान को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि पुलिस अवर निरीक्षक रणविजय कुमार को इस्लामपुर थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है।पुलिस अधीक्षक ने आदेश में स्पष्ट किया है कि नवपदस्थापित थानाध्यक्ष एवं अंचल पुलिस निरीक्षकों को गृह विभाग द्वारा निर्धारित सभी अर्हताओं को पूरा करना होगा। जिन अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई लंबित हो, न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि हो या गंभीर आरोपों में संलिप्तता पाई गई हो, उनका पदस्थापन स्वतः निरस्त माना जाएगा।सभी संबंधित अधिकारियों को अविलंब नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देकर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

# विश्व साइकिल दिवस पर नालंदा में निकली भव्य साइकिल रैली, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर रविवार को नालंदा में फिटनेस, स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य साइकिल रैली एवं विभिन्न फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यह आयोजन जिला प्रशासन नालंदा, फिट इंडिया मूवमेंट एवं खेलो इंडिया के तत्वावधान में खेलो इंडिया सेंटर रग्बी नालंदा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना तथा साइकिल को स्वस्थ, पर्यावरण-अनुकूल, किफायती और टिकाऊ परिवहन माध्यम के रूप में प्रोत्साहित करना था।रैली का शुभारंभ निर्धारित समय पर किया ।गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ साइकिल चलाते हुए फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इस दौरान "फिट इंडिया, हिट इंडिया", "स्वस्थ शरीर, स्वस्थ जीवन" तथा "साइकिल अपनाएं, पर्यावरण बचाएं" जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।वक्ताओं ने बताया कि विश्व साइकिल दिवस प्रतिवर्ष 3 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य साइकिल के महत्व, स्वास्थ्य लाभों तथा पर्यावरण संरक्षण में उसकी भूमिका के प्रति लोगों को जागरूक करना है। साइकिल एक सरल, सुलभ, स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन साधन है, जिसे वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि नियमित साइकिल चलाने से शारीरिक क्षमता बढ़ती है, हृदय स्वस्थ रहता है तथा मानसिक संतुलन में भी सकारात्मक सुधार होता है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संदेश दिया गया

# बिहार धानुक एकता संघ का गठन, अरविंद धानुक बने नालंदा जिला अध्यक्ष



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। प्रखंड के भागन बिगहा स्थित लालजी होटल परिसर में रविवार को धानुक समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रीकांत प्रसाद ने की, जबकि संचालन अमोद कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का नाम बिहार धानुक एकता संघ रखने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अरविंद धानुक को संघ का नालंदा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर उपस्थित लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर खुशी जाहिर की। जिला अध्यक्ष बनने के बाद अरविंद धानुक ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संघ को जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूत बनाया जाएगा, ताकि समाज के लोगों की समस्याओं के समाधान में संगठन प्रभावी भूमिका निभा सके।

अध्यक्षीय संबोधन में श्रीकांत प्रसाद ने शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षित बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवा ही समाज और संगठन को नई दिशा दे सकते हैं।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विरमनी राउत, जिला महासचिव अर्जुन प्रसाद, जिला सचिव श्रवण कुमार, जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं मीडिया प्रभारी अमोद कुमार तथा संघ के संस्थापक श्रीकांत प्रसाद के नामों की घोषणा की गई।

बैठक में दयानंद राउत, डॉ. विनोद कुमार, मुकेश कुमार, मुन्ना कुमार, जितेंद्र कुमार, सुदामा महतो, तुलसी महतो, दिलीप कुमार राउत, धर्म कुमार, नीतिश कुमार, गोलू कुमार, रवि कुमार, प्रभात कुमार, सोनू कुमार, मन्नू कुमार सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और समाज के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।









# हिलसा में जन सुराज की हुईं बैठक में संगठन विस्तार पर हुआ मंथन




हिलसा (अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा स्थान पार्टी कार्यालय में रविवार की संध्या जन सुराज पार्टी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए जन सुराज नेता उमेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिहार में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है, जिसके कारण बड़ी संख्या में मजदूरों को दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार व्याप्त है तथा जनता की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए कई चुनावी वादे आज भी अधूरे हैं।

अंबेडकर विचार मंच जन सुराज के जिला अध्यक्ष रामविलास पासवान ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को अभी से सक्रिय होकर जनसंपर्क अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की नीतियों और विचारों को घर-घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

रामबालक पासवान और आशुतोष कुमार पांडे ने पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान तेज करने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं युवा नेता सोनू कुमार यादव और अजीत कुमार ने युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने की आवश्यकता बताई।

बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और आगामी चुनाव में पार्टी की सफलता के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# कड़ी मेहनत लाई रंग, एस बी अकादमी के 70 से ज्यादा युवाओं का बिहार पुलिस में हुआ चयन




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। दीपनगर स्टेडियम के पीछे स्थित एस बी फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी में बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सफल छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।अकादमी के संचालक संजीव सर ने बताया कि बिहार पुलिस की 19,838 पदों वाली भर्ती प्रक्रिया में संस्थान के 132 छात्र-छात्राओं ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लिया था। इनमें से 105 अभ्यर्थियों को गेट पास प्राप्त हुआ, जबकि 70 से अधिक अभ्यर्थी अंतिम मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और संस्थान द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का परिणाम है।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जेल अधीक्षक अभिषेक पाण्डेय, बिहारशरीफ नगर निगम की महापौर अनीता देवी, डॉ. सत्येंद्र, डॉ. निर्जल नाथ तथा डॉ. शशिकर उपस्थित रहे। अतिथियों ने सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि युवाओं की सफलता समाज और जिले के लिए गौरव की बात है। वहीं संचालक संजीव सर ने भरोसा दिलाया कि एस बी फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी भविष्य में भी युवाओं को पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा बलों की भर्ती परीक्षाओं के लिए बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराती रहेगी, ताकि अधिक से अधिक युवा अपने सपनों को साकार कर सकें।










# रेड क्रॉस के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 185 मरीजों की जांच



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया।

शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 56, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 45, फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार एवं डॉ. उमेश कुमार सिंह ने 80, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. उदय देवरंजन ने 15, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 15 तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 20 मरीजों की जांच की। इसके अलावा 40 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई। कुल 185 लाभार्थियों ने शिविर का लाभ उठाया।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिल सके। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार तथा आजीवन सदस्य बृज बिहारी, चंद्रमणि कुमार, प्रमोद पंडित, शंभू कश्यप, नागेंद्र कुमार, कुणाल गौरव, नीतीश कुमार, रविंद्र कुमार, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, प्रोफेसर स्वधर्म, सुषमा कुमारी, मुस्कान कुमारी, अरुण कुमार एवं संजय कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। सदस्यों ने पंजीकरण, कतार प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु बनाकर शिविर को सफल बनाया।

# 9 और 17 जून को महंगाई-भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का धरना





संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय जनता दल नालंदा जिला इकाई की बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि देश आर्थिक आपातकाल की ओर बढ़ रहा है। महंगाई लगातार बढ़ रही है, जबकि सरकार जनता की समस्याओं से बेखबर है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार का खजाना खाली हो चुका है और सरकार के पास विकास के बजाय केवल बयानबाजी ही बची है। उन्होंने कहा कि कैग रिपोर्ट में 70 हजार करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है तथा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लिए जनादेश के साथ खिलवाड़ किया गया और 41 हजार करोड़ रुपये चुनिंदा लोगों के बीच बांटकर बिहार को नुकसान पहुंचाया गया।

बैठक में नालंदा जिला संगठन प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव खुर्शीद आलम सिद्दीकी ने कहा कि 9 जून को बिहार के सभी प्रखंड मुख्यालयों तथा 17 जून को जिला मुख्यालयों पर महंगाई, भ्रष्टाचार, बदहाल स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था तथा भूमिहीनों को दो-दो डिसमिल जमीन देने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

बैठक में रवि रंजन कुमार, सुनील यादव, मनोज यादव, खुर्शीद अंसारी, दीपक कुमार, प्रमोद गुप्ता, कल्लू मुखिया, निधि शर्मा, टनटन खां, पारस राजवंशी, एलुन रविदास, जीतू यादव, बलराम मिस्त्री, फारूक आजम, विकास सिंह, अजय चंद्रवंशी, संजीत कुमार राय, नवल यादव, आचार्य सरोज ठाकुर, अरविंद यादव, रामानंद मुखिया, अमरजीत कुमार, विजय यादव सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# राजगीर के ऐतिहासिक गर्म जलकुंडों पर संकट, संरक्षण के लिए विशेष योजना बनाने की उठी मांग



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। विश्व प्रसिद्ध पुरुषोत्तम मास (मलमास) मेला के दौरान राजगीर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले गर्म जलकुंडों के संरक्षण का मुद्दा एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। युवा राजद के प्रदेश सचिव गोलू यादव ने राजगीर के प्राचीन गर्म जलस्रोतों की लगातार बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार और संबंधित विभागों से इनके संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए ठोस और दीर्घकालिक कार्ययोजना बनाने की मांग की है।

गोलू यादव ने कहा कि राजगीर केवल बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहरों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां स्थित गर्म जलकुंड सदियों से लोगों की आस्था, श्रद्धा और स्वास्थ्य का केंद्र रहे हैं। पुरुषोत्तम मास मेले के अवसर पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक राजगीर पहुंचते हैं तथा इन पवित्र जलकुंडों में स्नान कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। माना जाता है कि इन कुंडों के जल में कई प्रकार के औषधीय गुण मौजूद हैं, जिसके कारण वर्षों से लोग स्वास्थ्य लाभ की भावना से भी यहां आते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वेदों, पुराणों और अन्य धार्मिक ग्रंथों में भी राजगीर के गर्म जलस्रोतों का उल्लेख मिलता है। ब्रह्मकुंड सहित कई जलधाराएं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इन जलस्रोतों की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। कई छोटे-बड़े कुंड सूख चुके हैं, जबकि अनेक जलधाराओं में पानी का प्रवाह काफी कम हो गया है। इससे न केवल धार्मिक महत्व प्रभावित हो रहा है, बल्कि पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी इसका असर पड़ने की आशंका बढ़ रही है।

गोलू यादव ने कहा कि गर्म जलकुंडों के अस्तित्व पर मंडरा रहा संकट कई कारणों से उत्पन्न हुआ है। प्राकृतिक बदलाव, अनियोजित विकास कार्य, बढ़ता अतिक्रमण, पर्यावरणीय असंतुलन तथा संरक्षण के प्रति गंभीरता का अभाव इसकी प्रमुख वजहें हैं। उन्होंने कहा कि जिन जलस्रोतों ने वर्षों तक लोगों की आस्था और स्वास्थ्य की सेवा की, आज वही अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि मलमास मेले के दौरान भव्य आयोजन, सजावट और अन्य सुविधाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन गर्म जलकुंडों के मूल स्रोतों के संरक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन के लिए अपेक्षित पहल नहीं की जाती। उनका कहना था कि यदि समय रहते इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में यह अनमोल प्राकृतिक और धार्मिक धरोहर गंभीर संकट में पड़ सकती है।

गोलू यादव ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से भी इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों का संरक्षण भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने मांग की कि विशेषज्ञों की टीम गठित कर गर्म जलस्रोतों का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराया जाए तथा इनके संरक्षण, पुनर्जीवन और सतत विकास के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी राजगीर की इस अद्वितीय धरोहर की महत्ता, गौरव और आध्यात्मिक विरासत का अनुभव कर सकें।






# बिहार के वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार को केंद्र सरकार की हिंदी सलाहकार समिति में मिली बड़ी जिम्मेदारी



पटना (अपना नालंदा)। बिहार और झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार तथा राष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) के बिहार-झारखंड समन्वयक विनय कुमार को केंद्र सरकार ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है।

इस समिति के अध्यक्ष केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान हैं। मंत्रालय के उप सचिव डी.एस.एस. श्रीनिवासा राव द्वारा जारी पत्र के अनुसार हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है। समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कई सदस्यों के साथ-साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा के सचिव एवं अध्यक्ष स्तर के अधिकारी भी सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा राजपत्र अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

करीब साढ़े तीन दशकों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय विनय कुमार ने बिहार और झारखंड के अनेक प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में कार्य किया है। वे यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया और हिंदुस्थान समाचार में ब्यूरो प्रमुख तथा विशेष संवाददाता के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

इससे पूर्व भी वे केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा इस्पात मंत्रालय सहित कई मंत्रालयों की विभिन्न समितियों के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने सूरीनाम में आयोजित सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन का भी पत्रकार के रूप में कवरेज किया था।

मनोयनयन पर विनय कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का वे हरसंभव प्रयास करेंगे।

विनय कुमार मूल रूप से बिहार के जमुई जिले के खैरा प्रखंड स्थित खैरा गांव के निवासी हैं।

# पेपर लीक के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग

हिलसा (अपना नालंदा)। इंकलाबी नौजवान सभा के बैनर तले हिलसा में छात्रों और युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बहाल करने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा सभी मामलों की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई।

सभा को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड सचिव ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद ने कहा कि नीट, यूजीसी-नेट, एसएससी, रेलवे सहित कई परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार हो रही अनियमितताओं से छात्रों का परीक्षा प्रणाली पर भरोसा कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि दोषी अधिकारियों, पेपर लीक माफिया और इससे जुड़े लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

प्रदर्शनकारियों ने सभी हालिया पेपर लीक मामलों की सीबीआई जांच, दोषियों की गिरफ्तारी, परीक्षा प्रणाली में सुधार तथा



प्रभावित परीक्षाओं को निष्पक्ष तरीके से पुनः आयोजित कराने की मांग की। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए।

ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद ने कहा कि छात्र-युवा न्याय और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। यदि सरकार जल्द ठोस कदम नहीं उठाती है तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

इस प्रतिवाद मार्च में संतोष पासवान, राहुल कुमार, कमलेश पासवान, क्रांति प्रकाश, सूरज पासवान, गौरी कुमार, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए और सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की मनमोहक झांकी ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय प्रखंड के दहपर उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शनिवार को श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी के मंच से कथा पंडाल में पहुंचते ही श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और भगवान श्रीकृष्ण व माता रुक्मिणी का आशीर्वाद लेने के लिए उमड़ पड़े। विवाह की रस्मों के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने विदाई की परंपरा भी उत्साहपूर्वक निभाई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कथा वाचक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम शुभम जी ने गोवर्धन पर्वत और श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मानचुकी थीं और भगवान ने उनका हरण कर विवाह किया था। उन्होंने कहा कि जीव और परमात्मा के मिलन को ही महारास कहा जाता है। जब मनुष्य अहंकार में डूब जाता है तो वह भगवान से दूर हो जाता है, लेकिन सच्चे प्रेम और भक्ति से भगवान का अनुग्रह प्राप्त होता है। कथा के दौरान श्याम शुभम जी ने "मेरा दिल दीवाना हो गया वृंदावन की गलियों में" तथा "पंख होती तो उड़ जाती मैं नंद बाबा के द्वार" सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी अरविंद सिन्हा, लड्डू जी, अमन सिंह, नीरज सिंह, फंटूश, नीतीश महतो, अमाया सिन्हा, अनिशा सिन्हा, रंजू सिन्हा एवं अंजनी कुमारी सहित अन्य लोगों ने व्यवस्था संभालकर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दहपर भागवत कथा में पहुंचे डॉ. सुनील, दिया कर्मयोग का संदेश



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय प्रखंड के दहपर उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के सातवें दिन बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कथा स्थल पहुंचकर श्रद्धालुओं के बीच धर्म और कर्मयोग का संदेश दिया। कथा स्थल पर समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कथावाचक श्याम शुभम जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर कथा श्रवण किया।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा और भगवद्गीता भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि गीता का मूल संदेश कर्मयोग है और मनुष्य को बिना फल की चिंता किए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। निस्वार्थ भाव से किए गए कर्म अंततः सफलता और संतोष प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को धार्मिक और नैतिक मूल्यों की आवश्यकता है। ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक चेतना से जोड़ते हैं तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कथा आयोजन के सफल संचालन के लिए समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा को बधाई दी।

कार्यक्रम में भाजपा नेता बिपिन कुमार, महेंद्र प्रसाद, शैलेन्द्र प्रसाद, ललन कुमार, राकेश कुमार, समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा, सुलेखा सिन्हा, अमाया सिन्हा, प्रवीण सिन्हा, नम्रता सिन्हा, सिंटू सिंह, चिक्कू सिंह, शेखर मुखिया, डॉ. रमाकांत, जितेंद्र कुमार, विजय सिंह, फंटूश कुमार, रणविजय सिंह, विशाल कुमार, अमित कुमार, अमन कुमार, मेघन जी, नीतीश कुमार, लड्डू जी तथा प्रदीप महतो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अंधना के 42वें सालाना उर्स में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़, मजारों पर हुई चादरपोशी



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के अंधना गांव में नौजवान अंधना एतेहादुल मुस्लेमीन कमिटी द्वारा हजरत सैयद शाह सदउल्लाह शाहिद जागीर रहमत अल्लाह अलैह के मजार पर 42वां सालाना दो दिवसीय उर्स बड़े ही श्रद्धा और अकीदत के साथ आयोजित किया गया। उर्स में बिहार सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों अकीदतमंदों ने मजार पर चादरपोशी कर अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।

उर्स के दौरान मुख्य मजार हजरत सैयद शाह सदउल्लाह शाहिद जागीर रहमत अल्लाह अलैह के अलावा हजरत सैयद शाह इब्राहिम, हजरत सैयद शाह गरीब पीर, हजरत सैयद शाह प्यारे तथा हजरत सैयद शाह मियां भिखारन के मजारों पर भी श्रद्धालुओं ने चादर चढ़ाई। चादरपोशी के बाद लोगों ने अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि के लिए दुआएं कीं। स्थानीय लोगों के अनुसार मुख्य मजार पर सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं, जिसके कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

उर्स में मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ हिंदू धर्मावलंबियों ने भी भाग लेकर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। श्रद्धालुओं के बीच तबर्रुक के रूप में खिचड़ा वितरित किया गया। मेले में झूले, खेल-तमाशे तथा खानपान की अनेक अस्थायी दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं।

इस अवसर पर नूरसराय, अंधना, चरुइपर, बिहारशरीफ, नवादा, पटना, पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचे। आयोजन को सफल बनाने में मेला कमिटी के सचिव मो. मासूम रजा उर्फ गोल्डन, मो. तरवेज, मो. महफूज, मो. अफरोज आलम, मो. इफ्तेखार, मो. अरमान, मो. मंसूर, मो. लालबाबू, मो. कैंसर सहित सभी कमिटी सदस्य पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों में जुटे रहे।

# थरथरी में साइकिल रैली निकाल स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



थरथरी (अपना नालंदा)। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत रविवार को थरथरी में "संडे ऑन साइकिल" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षकों, कर्मियों तथा जनप्रतिनिधियों ने साइकिल रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया।

रैली के दौरान प्रतिभागियों ने लोगों को दैनिक जीवन में साइकिल के अधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया। साथ ही हरित और स्वच्छ भविष्य के निर्माण का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण में आमजन की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। साइकिल रैली विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए लोगों के बीच स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी संदेश पहुंचाती रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वच्छता पर्यवेक्षक अजय कुमार ने कहा कि साइकिल का नियमित उपयोग स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है, ईंधन की बचत होती है और वायु प्रदूषण में भी कमी आती है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

रैली के दौरान स्रोत पर कचरा पृथक्करण, गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, प्लास्टिक मुक्त प्रखंड बनाने तथा युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता और हरियाली के माध्यम से ही स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित समाज का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं प्रखंड स्तरीय कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने मिलकर स्वच्छ और हरित थरथरी के निर्माण का संकल्प लिया।

# संडे ऑन साइकिल रैली से दिया स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण संदेश



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर रविवार को नवादा में "संडे ऑन साइकिल" रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

रैली का शुभारंभ समाहरणालय परिसर से किया गया। इसके बाद प्रतिभागी साइकिल चलाते हुए भगत सिंह चौक होते हुए अतिथि गृह तक पहुंचे। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, प्रदूषण कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण में साइकिल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ-साथ खिलाड़ी, प्रशिक्षक, खेल प्रेमी, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने उत्साहपूर्वक रैली में भाग लेकर लोगों को पर्यावरण-अनुकूल परिवहन अपनाने और नियमित व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया।

रैली में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि साइकिल न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि ईंधन की बचत और प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। नियमित रूप से साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

इस अवसर पर जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करने की अपील की।

अधिकारियों ने कहा कि साइकिल को जीवनशैली का हिस्सा बनाकर लोग स्वस्थ समाज और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश लोगों तक पहुंचाया गया।

# नवादा में 'संडे ऑन साइकिल' का आयोजन, युवाओं ने दिया फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर रविवार को नवादा में "संडे ऑन साइकिल" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फिट इंडिया अभियान, भारतीय खेल प्राधिकरण तथा फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के आह्वान पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड नवादा इकाई, इंटर विद्यालय आती के विद्यार्थियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिलिंग को एक सरल, सुलभ और पर्यावरण-अनुकूल शारीरिक गतिविधि के रूप में बढ़ावा देना तथा युवाओं एवं आम नागरिकों को स्वास्थ्य, फिटनेस और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था।

साइकिल रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नियमित व्यायाम और साइकिलिंग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा फिट इंडिया अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व पेफी नेशनल अवार्ड से सम्मानित संतोष कुमार वर्मा एवं स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त संतु कुमार ने उपस्थित कैडेटों और विद्यार्थियों को 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के महत्व की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का जनआंदोलन है। ऐसे आयोजनों को प्रत्येक रविवार नियमित अभियान के रूप में चलाया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक हो सकें।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सौरभ गिरी, मुरली, मनीष कुमार सहित अन्य लोगों ने सक्रिय सहयोग किया। आयोजन के माध्यम से युवाओं को फिट रहने, प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

फोटो कैप्शन: नवादा में आयोजित 'संडे ऑन साइकिल' रैली में शामिल स्काउट एंड गाइड कैडेट एवं अन्य प्रतिभागी।

# देवधा गांव में मंदिर जीर्णोद्धार सह वृक्षारोपण महाअभियान, 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। पकरीबरावां प्रखंड के देवधा गांव में रविवार को देवधा विकास समिति के सौजन्य से ब्रह्म पिशाच मंदिर के जीर्णोद्धार एवं वृक्षारोपण महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, कृषि विशेषज्ञों तथा ग्रामीणों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरओएफ सौरभ शांडिल्य, शेखेदेवरा कृषि केंद्र के प्रधान अरविंद कुमार, कृषि वैज्ञानिक शशांक शेखर, अधिकारी प्रतिभा कुमारी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि पंकज कुमार, भोजपुरी कलाकार राजा भैया, अमित आशिक, उत्तम सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर सैकड़ों छायादार एवं फलदार पौधों का रोपणकिया।देवधा विकास समिति के सदस्यों ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान को दो चरणों में पूरा किया जाएगा तथा कुल 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।वृक्षारोपण के बाद मंदिर परिसर में आयोजित सभा में गांव के विकास, पर्यावरण संरक्षण, मंदिर के जीर्णोद्धार तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।इस अवसर पर देवधा विकास समिति की ओर से मुख्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को आभार-पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष चंदन कुमार, बृजेश कुमार, नीतीश कुमार, देवकांत मिश्रा, सुधीर कुमार, समाजसेवी राजकुमार सिंह, कुंदन कुमार, मुकेश कुमार, विजय सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सड़क पार करने के दौरान ई-रिक्शा की चपेट में आए वृद्ध, मौत

संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। कौआकोल थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत अंतर्गत फरकी पत्थर गांव में शनिवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान फरकी पत्थर निवासी पाचू तुरिया के 62 वर्षीय पुत्र राजकुमार तुरिया के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार तुरिया शनिवार की शाम बाजार से आवश्यक सामान खरीदकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करने के क्रम में एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्यकेंद्र कौआकोल पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सूचना मिलते ही कौआकोल थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया।

थाना पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है। दुर्घटना में शामिल ई-रिक्शा और उसके चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।



# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। स्वच्छ भारत अभियान एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जहानाबाद में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, स्वच्छता पर्यवेक्षक, प्रखंड समन्वयक तथा अन्य संबंधित प्रतिनिधियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक जानकारी और रणनीतियों से प्रतिभागियों को अवगत कराना था। इस दौरान स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में जिला सलाहकार पिंकू कुमार ने प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 के प्रावधानों, उसके महत्व तथा ग्राम पंचायतों में उसके सफल क्रियान्वयन की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायत सचिवों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर जनसहभागिता सुनिश्चित किए बिना इस अभियान को सफल नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान चलाने, ग्राम सभाओं का आयोजन करने तथा लोगों को स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली के प्रभावी क्रियान्वयन और स्वच्छ वातावरण के निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# सड़क नवीनीकरण से राहगीरों को आवागमन में होगी सुविधा




हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहले से बनी विभिन्न सड़कों को नवीनीकरण किया जा रहा है.इसी कडी में हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड चार में स्थित गोगीपर मुहल्ले से माधोपुर-सबनहुआ छठ घाट(एनएच-31 से ग्राम सबनहुआ पंचायत सबनहुआ भाया हरनौत बाजार तक) जाने वाली पहले से बनी हुई सड़क को नवीनीकरण किया जा रहा है। वहीं उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवीसुरेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत इसका नवीनीकरण कार्य किया जा रहा है.यह कार्य बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग(आरडब्लूडी) द्वारा किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पहले से बनी हुई सड़क का व्यवस्थित जीर्णोद्धार, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण करना है। उन्होंने बताया कि पहले इस सड़क की स्थिति खराब थी लोगों को आने-जाने में परेशानीयां होती थी.जबकि

इस मार्ग से दोनों छठ महापर्व ( कार्तिक एवं चैती ) में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है.साथ ही साथ प्रतिदिन सैकडों लोगों का बाजार में आना जाना रहता है. सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी.वहीं इस कार्य का ठेका मेसर्स दयानंद प्रसाद सिन्हा एण्ड कम्पनी को दिया गया है। सड़क की कुल लंबाई 930 मीटर है। जिसमें पीसीसी(प्लेन सीमेंट कंक्रीट) सड़क की लंबाई 630 मीटर बाकि कालीकरण(बिटुमिनस) सड़क है।इसके लिए प्राक्कलित राशि तकरीबन 52 लाख रुपये है।

# फिट इंडिया अभियान में साइकिल रैली, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार को जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के नेतृत्व में 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साइकिल रैली +2 अंबेडकर बालिका आवासीय विद्यालय, दक्षिणी से गांधी मैदान तक निकाली गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और साइकिल के उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत में जिला पदाधिकारी ने छात्र-छात्राओं, युवाओं और आमजनों को विश्व साइकिल दिवस एवं फिट इंडिया अभियान के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पेट्रोल, डीजल और बिजली की बढ़ती खपत को देखते हुए साइकिल का उपयोग अधिक आवश्यक हो गया है। साइकिल चलाने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है, प्रदूषण कम होता है और स्वच्छ व हरित वातावरण के निर्माण में मदद मिलती है। उन्होंने लोगों से सप्ताह में कम-से-कम एक दिन साइकिल का उपयोग करने और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गांधी मैदान पहुंचने पर जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में संयुक्त सचिव सह अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण राजीव कुमार, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, डीआरडीए निदेशक डॉ. रोहित कुमार मिश्रा, सामाजिक सुरक्षा सह जिला खेल पदाधिकारी पूनम कुमारी, जिला सूचना एवं संपर्क पदाधिकारी निपुन कुमारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, छात्र-छात्राएं और आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ शरीर और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति लोगों को प्रेरित किया गया।

# तीन माह की तलाश के बाद मिली युवती, न्यायालय ने इच्छा का किया सम्मान

आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र के छाछुबिगहा गांव से प्रेम प्रसंग में दूसरी बार घर से फरार हुई 18 वर्षीय युवती निशा कुमारी को पुलिस ने तीन माह की तलाश के बाद सकुशल बरामद कर लिया। युवती बालिग होने के कारण न्यायालय के निर्देश पर उसे उसकी इच्छा के अनुसार प्रेमी के परिजनों के साथ भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, छाछुबिगहा निवासी कैलू राम की पुत्री निशा कुमारी की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व राजगीर के विस्थापित नगर निवासी सोनू कुमार के साथ हुई थी। बताया जाता है कि विवाह से पहले सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के मंजौश गांव निवासी रितिक कुमार से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया था, जो विवाह के बाद भी जारी रहा।परिजनों के अनुसार, शादी के करीब एक माह बाद मायके आने पर निशा पहली बार अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। उस समय कतरीसराय पुलिस ने दस दिनों के भीतर उसे बरामद कर परिजनों को सौंप दिया था। बाद में पति ने उसे अपने साथ रख लिया और पारिवारिक जीवन सामान्य हो गया।

इसी बीच एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मायके पहुंची निशा दोबारा अपने प्रेमी के साथ चली गई। इसके बाद परिजनों द्वारा थाना में प्राथमिकीaaaदर्ज कराई गई। मामले के अनुसंधानकर्ता एएसआई संजय दास ने लगातार प्रयास करते हुए तीन माह बाद युवती को सकुशल बरामद कर लिया।

थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर युवती को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां उसकी बालिग उम्र और इच्छा को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने उसे प्रेमी के परिजनों के साथ जाने की अनुमति प्रदान कर दी। पुलिस ने मामले का निष्पादन कर दिया है।

# हरनौत थाना में गुंडा परेड, असामाजिक तत्वों को दी सख्त चेतावनी

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। थाना परिसर में रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुंडा परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना था। परेड में गुंडा पंजी में दर्ज लोगों को उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया गया था।भीषण गर्मी के बावजूद गुंडा रजिस्टर में नामित करीब पांच लोगों ने थाना परिसर में उपस्थित होकर अपनी हाजिरी दर्ज कराई। इस दौरान थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने सभी से पूछताछ की तथा उनके वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही उनके पते और पहचान का भी सत्यापन किया गया।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO WOOD TECHNOLOGY
No Wood
100% Waterproof uPVC
Termite Proof
Low Maintenance
10 YEAR WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer